बुधवार
02 फरवरी 2022



पृष्ठ 4
ऑनलाइन लर्निंग के दौरान बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये तरीके



पृष्ठ 5
25 फरवरी को रिलीज होगी आलिया की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी




- देहरादून
- वर्ष 30
- अंक 10
- पृष्ठ 8
- मूल्य ₹ 1.00


**आज का विचार**

स्वतंत्र वही हो सकता है जो अपना काम अपने आप कर लेता है।

— विनोबा


# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


# सरकार ने 5 साल में कुछ नहीं किया: प्रियंका

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली वर्चुअल रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने सूबे की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में कोई काम नहीं किया है, जिसके कारण प्रदेश की महिलाएं, युवा और आम आदमी सब परेशान हैं।

प्रियंका गांधी ने कहा कि सरकार के इस नकारापन के कारण महिलाओं और युवाओं को जो समस्याएं झेलनी पड़ रही है वह उनसे वाकिफ है। उन्होंने कहा कि आपने जिन आकांक्षाओं और उम्मीदों के साथ भाजपा को भारी बहुमत से जिता कर सत्ता में भेजा था क्या सरकार ने उन्हें पूरा किया है? यह सवाल आप अपने आप से पूछ कर देखें। राज्य की सरकार और सत्ता में बैठे लोग आज फिर वायदे व घोषणाएं कर रहे है; शिलान्यास कर रहे हैं। आप उनसे पूछे कि आपने 5 साल में कितने लोगों को रोजगार दिया। पलायन रोकने के लिए क्या किया? स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए क्या किया है।






उन्होंने कहा कि भाजपा अपने चुनाव प्रचार और विज्ञापनों में जितना खर्चा करती है अगर उतना पैसा जनता के काम पर लगाया जाए तो सारी समस्याएं हल हो सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकार के पास पैसा नहीं है, ऐसा नहीं है कि नौकरियां नहीं है, पद खाली पड़े हैं लेकिन सरकार के पास काम करने की इच्छा शक्ति ही नहीं है। सरकार की नियत साफ नहीं है।

उन्होंने महिला मतदाताओं को साधने के लिए उनसे पूछा कि आज आपको यह स्लोगन क्यों अच्छा लगता है 'लड़की हूं लड़ सकती हूं'। उन्होंने कहा कि

**❑महंगाई व बेरोजगारी से सब परेशान**

**❑महिलाएं झेल रही है सबसे अधिक परेशानी**

महिलाएं ही हैं जो समाज और परिवार का बोझ उठाती हैं और सबसे अधिक परेशानी झेलती हैं। उन्हें घर और बाहर दोनों जगह काम करना पड़ता है। जो सरकार चला रहे हैं वह जाति की बात करते हैं, धर्म की बात करते हैं मगर महिलाओं का जीवन आसान बने इसकी बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि हम जब महिलाओं की बात करते हैं तो वह कहते हैं कि पैसा कहां से आएगा? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने प्रतिज्ञा पत्र में महिलाओं को पुलिस में 40 प्रतिशत आरक्षण देने का वायदा किया तथा रसोई गैस के सिलेंडर की कीमत 500 से नीचे रखने का वायदा किया उनके गांव और घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का वायदा किया जिसे कांग्रेस पूरा करके दिखाएगी।

उन्होंने कहा कि यह किसी पर हम एहसान नहीं कर रहे हैं, यह आपका हक है जो हक हम आप तक पहुंचाने का वायदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकार के आने से आपका जीवन कितना सरल और आसान हुआ या और अधिक कठिन हुआ यह सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि देश के गन्ना किसानों का 14 हजार करोड़ रुपया बकाया है सरकार उनका भुगतान नहीं करती है। उसकी प्राथमिकता प्रधानमंत्री मोदी के लिए 16 ◀◀ शेष पृष्ठ 8 पर

## सुरक्षाबलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

जम्मू। शोपियां के नादीगाम इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में एक आतंकी को मार गिराया गया है। इलाके में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। आतंकी के मारे जाने की पुष्टि पुलिस ने भी कर दी है। हालांकि उसकी पहचान जाहिर नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि इलाके में छिपे आतंकी स्थानीय हैं। यह लश्कर–ए–तैयबा आतंकी संगठन से संबंधित बताए जा रहे हैं। पिछले महीने भी २२ आतंकियों को १२ मुठभेड़ों में मार गिराया गया था जिनमें ८ विदेशी आतंकी भी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि नादीगाम में चल रही मुठभेड़ में उन्हें आशंका है कि दो से तीन आतंकी अभी भी उस घर में छुपे हुए हैं जहां मुठभेड़ चल रही है। उनका कहना था कि उन्हें भी मार गिराया जाएगा। हालांकि वे कहते हैं कि आतंकियों को हथियार डालने का मौका दिया गया था पर उन्होंने ऐसा नहीं किया। गौरतलब है कि कल भी मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहे एक पुलिस अधिकारी को आतंकियों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां में निशाना बनाया था। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार घटना अमशीजीपोरा की है। असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (एएसआई) शब्बीर अहमद मस्जिद से नमाज पढ़कर घर लौट रहे थे। इस दौरान पहले से घात लगाए आतंकियों ने उन्हें निशाना बनाकर गोलियां बरसाई थीं।

## भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 161386 नए केस सामने आए, 281109 लोग हुए ठीक

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण के नए मामलों में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। मामले कम होने का सिलसिला पिछले कुछ दिनों से जारी है। ऐसे में भारत में पिछले २४ घंटों में १.७० लाख से भी कम नए केस सामने आए हैं। बुधवार सुबह जारी अपडेट के अनुसार देश में १,६१,३८६ नए मामले मिले हैं।

पिछले २४ घंटों में भारत में १,७३३ लोगों की मृत्यु हुई, जिसके बाद मरने वालों की संख्या अब ४ लाख ९७ हजार ९७५ हो गई है। हालांकि, २,८१,१०९ लोग बीमारी से ठीक भी हुए हैं। इस बीच राहत की बात ये है कि एक्टिव मरीजों की संख्या में एक लाख से ज्यादा की कमी आई है।



कल के मुकाबले आज १२१४५६ एक्टिव मामले कम आए हैं। मंगलवार को यह आंकड़ा १७ लाख ४३ हजार ०५९ पर था जबकि आज देश में १६,२१,६०३ सक्रिय मामले मौजूद हैं। वहीं, ३,९५,११,३०७ मामलों की कुल रिकवरी हुई है। दैनिक पॉजिटिविटी रेट ९.२६ प्रतिशत है।

मुंबई में कोरोना की तीसरी लहर का प्रभाव धीरे–धीरे कमजोर हो रहा है। यही कारण है कि मुंबई ने मंगलवार को नाइट कर्फ्यू हटा लिया है। कोरोनावायरस (कोविड –१९) महामारी संकट में सुधार के मद्देनजर रेस्तरां और सिनेमाघरों पर प्रतिबंधों में ढील दी। नए आदेश के अनुसार, मुंबई में बीएमसी रेस्तरां, थिएटर ५० प्रतिशत क्षमता पर काम कर सकते हैं। आदेश में कहा गया है किष्स्थानीय पर्यटन स्थल सामान्य समय के अनुसार खुले रहेंगे। साप्ताहिक बाजार सामान्य समय के अनुसार खुले रहेंगे, नए आदेश के मुताबिक, प्रतिस्पर्धी खेलों और घुड़दौड़ सहित अन्य गतिविधियों में २५ प्रतिशत दर्शकों की अनुमति है। शादियों में खुले मैदान और बैंक्वेट हॉल की क्षमता का २५ प्रतिशत या २०० जो भी कम हो, तक मेहमान हो सकते हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# आम बजट में आम आदमी कहीं नहीं

बीते कल केंद्रीय वित्त मंत्री सीता रमण ने मोदी सरकार के कार्यकाल का आठवां और अपना चौथा वार्षिक बजट पेश किया। वित्त मंत्री इस बात पर खुशी जताते दिखी की कोरोना काल की विषम परिस्थितियों के बीच भी सरकार को रिकॉर्ड टैक्स मिल रहा है उन्होंने जनवरी माह में जीएसटी से रिकॉर्ड राजस्व प्राप्ति ।लाख 40 हजार करोड़ धन संग्रहित होने की बात कही। सवाल यह है कि क्या सरकार की आय बढ़ना या टैक्स वसूली का रिकॉर्ड ही विकास का पैमाना है, कोरोना काल के दो सालों में कितने लोगों का रोजगार गया कितने छोटे औद्योगिक संस्थानों पर ताले पड़ गए कितने लोग जो गरीबी की रेखा से ऊपर आने का प्रयास कर रहे थे गरीबी की रेखा से और नीचे चले गए। देश में बढ़ती महंगाई का लोगो के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? क्या इन सब बातों का देश की सरकार और अर्थव्यवस्था का कोई सरोकार नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगी किस आत्मनिर्भर भारत की बात कर रहे हैं? देश की वह 60 फीसदी आबादी जो गरीबी में जीवन जीने पर विवश है क्या उसके लिए आजादी के अमृत काल और आत्मनिर्भर भारत की बात जले पर नमक छिड़कने वाला नहीं है। देश बढ़ती बेरोजगारी पर सरकार क्यों आंखें बंद किए हुए हैं। सीतारमण ने 60 लाख स्वरोजगार सृजन की बात कही है क्या उनकी यह बात मोदी की चार करोड़ युवाओं को हर साल रोजगार देने जैसी नहीं है। मोदी सरकार ने 2020 तक सबको पक्की छत वाला घर देने की बात कही गई थी अब 2022 में सरकार द्वारा 80 लाख सस्ते घर बनाने की बात कही जा रही है। पीएम आवास योजना के तहत यह आवास अब तक क्यों नहीं बन सके। सीतारमण इस बजट को 25 साल का विजन डॉक्यूमेंट बता रही है। तो क्या यह 25 साल बाद की देश की तस्वीर है। सरकार ने अपने इस बजट में जिस डिजिटल इंडिया का खाका खींचा गया डिजिटल करेंसी लाने, डिजिटल यूनिवर्सिटी बनाने, 5जी की लांचिंग करने, किसानों को सुविधा देने क्या यह सब सतही बातें नहीं हैं। देश का गरीब, किसान, मजदूर आज भी जिनकी क्षमता ऐसी नहीं है जो अपने बच्चों को एक स्मार्टफोन खरीद कर दे सके, सरकार उन्हें ऑनलाइन शिक्षा देने की बात कर रही है। इस बजट में खाद्य और खाद से लेकर मनरेगा तक की सब्सिडी और बजट में कटौती कर दी गई। जिसका सीधा प्रभाव गरीब और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता दिखेगा। भले ही सीतारमण का कहना है कि उन्होंने इसमें कोई नया कर नहीं लगाया है लेकिन आम आदमी को राहत देने वाला भी कोई फैसला नहीं किया गया है। सरकार का कहना है कि बजट का 35 फीसदी सरकार इन्फ्रास्ट्रेक्चर विकास पर खर्च करेगी जिससे रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। इस बजट में कृषि क्षेत्र और शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए भी सरकार ने कोई ठोस घोषणाएं नहीं की है। सरकार कह रही है कि क्रिप्टोकरंसी मान्य नहीं है अगर मान्य नहीं है तो सरकार क्रिप्टोकरंसी से होने वाली आय पर 30 प्रतिशत टैक्स वसूलने या इसके जवाब में डिजिटल करेंसी लांच करने की बात क्यों कर रही है। इस बजट में सरकार की नजर सिर्फ और सिर्फ ऊपर की ओर है जमीनी हकीकत की तरफ नहीं। सुनहरे भविष्य के इस सपने में आम आदमी कहीं नजर नहीं आता है न उसकी समस्याओं के समाधान का प्रयास सरकार करती दिखती है।

# भाजपा प्रत्याशी पर मुकदमा दर्ज



हमारे संवाददाता

लालकुंआ। भाजपा प्रत्याशी मोहन सिंह बिष्ट को खट्टर का स्वागत करना महंगा पड़ा। जिसके बाद निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर की शिकायत के बाद पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भाजपा प्रत्याशी मोहन सिंह बिष्ट के लिए जनसम्पर्क करने के लिए लालकुंआ आये थे। जिनके स्वागत के लिए लगाये गये झंडे, बैनर व फ्लैक्स के चलते जहां शहर की रंगत बिगड़ गयी। इन सबके बीच निर्वाचन आयोग के आब्जर्वर की शिकायत के बाद एफएसटी टीम के प्रभारी ने तहरीर देकर भाजपा प्रत्याशी मोहन सिंह के खिलाफ सरकारी सम्पत्ति विरूपण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# विश्व अंतर्धार्मिक सद्भाव दिवस पर दिया शान्ति व सद्भाव का संदेश

संवाददाता

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती विश्व अंतरधार्मिक सद्भाव सप्ताह के अवसर पर वैश्विक स्तर पर शान्ति और सद्भाव स्थापित करने का संदेश दिया गया। उन्होने कहा कि यह सप्ताह हमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ आगे बढ़ने तथा वैश्विक स्तर पर शांति और समृद्धि स्थापित करने का संदेश देता है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि हमारे दैनिक जीवन की सभी गतिविधियों में करुणा का समावेश कर हम एक समुन्नत समाज का निर्माण कर सकते हैं। यह सप्ताह हमें मानवता और एकता की भावना को विकसित करने का संदेश देता है। कहा कि हम सभी को एक ऐसे समाज के निर्माण हेतु आगे आना होगा जो मानवीय मूल्यों पर आध



ारित हो। हमारे बीच मतभेद तो हो सकते है परन्तु मनभेद न हो इसके लिये प्रयत्न करना होगा।

कहा कि वैश्विक सद्भाव और शान्ति स्थापित करने का आंदोलन सबसे शक्तिशाली आंदोलन है इसलिये वैश्विक स्तर पर शान्ति और सद्भाव स्थापित करने हेतु कार्य कर रहे सभी संगठनों और समूहों को एक साथ मिलकर प्रयास करना होगा तथा आने वाली पीढ़ियों को शांति और सद्भाव की एक मजबूत खुराक प्रदान करनी होगी ताकि हमारे राष्ट्र का भविष्य शान्ति की नींव पर खड़ा रह सके।

# साइबर ठगी की शिकार पीड़ित को 5 घंटे में वापस कराये पैसे

देहरादून (सं)। साइबर थाना पुलिस ने साइबर ठगी की शिकार पीडित को पांच घंटे के अन्दर एक लाख 93 हजार रूपये वापस कराये।

एसएसपी देहरादून द्वारा वर्तमान में बढते साइबर अपराधों के दृष्टिगत जनपद में गठित साइबर क्राइम सैल को साइबर अपराधों से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके चलते एक जनवरी को सब्यसाची थपलियाल निवासी शिवलोक कालोनी रायपुर के साथ दो लाख 18 हजार रूपये की साइबर ठगी होने के सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र साइबर क्राइम सैल को प्राप्त हुआ। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक स्पेशल ऑपरेशन नीरज सेमवाल के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सैल सतबीर बिष्ट द्वारा अपनी टीम के साथ त्वरित कार्यवाही करते हुए ठगों द्वारा पीडित के खाते से उपभोग की गयी धनराशि एक लाख 93 हजार तीन सौ रूपये होल्ड करवाकर मात्र पांच घंटे पीडित के खाते में वापस करवा दिये हैं।

## मतदान कार्मिकों को द्वितीय चरण व विडियोग्राफी का प्रशिक्षण दिया

बागेश्वर। जिले अपसेंटी वोटर हेतु तैनात मतदान कार्मिकों को द्वितीय चरण व विडियोग्राफी का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा कपकोट विधानसभा हेतु तैनात पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को द्वितीय चरण का सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण सामान्य प्रेक्षक कृष्णकांत पाठक की मौजूदगी में दिया गया। यह प्रशिक्षण दो पालियों में दिया गया।

आ क्षोदो महि वृतं नदीनां परिष्ठितमसृज ऊर्मिमपाम्।
तासामनु प्रवत इन्द्र पन्थां प्रार्दयो नीचीरपसः समुद्रम्।।
(ऋग्वेद ६-१७-१२)

हे सूर्य के समान राजन ! जिस प्रकार सूर्य पर्वतों पर जमी हुई हिम को पिंघला कर नदियों के रास्ते से समुद्र में पहुंचा कर प्रकृति के जल चक्र को सुचारू करता है। उसी प्रकार शासन व्यवस्था में जो बाधाएं हैं उन्हें दूर करके लोक कल्याण के प्रवाह को सुचारू कर सुशासन के चक्र को पूरा करो।

O King like the sun! Just as the sun melts the snow, frozen on the mountains, and transports it into the sea through rivers, it regulates the water cycle of nature. Similarly, by removing the obstacles in the governance system, smooth the flow of public welfare and complete the cycle of good governance.
(Rig Veda 6-17-12)

## धारदार हथियार सहित एक दबोचा

हमारे संवाददाता

देहरादून। वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को पुलिस ने कल देर रात धारदार हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया गया है।



जानकारी के अनुसार कल देर रात थाना बंसतविहार पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान जब पुलिस पीर की माड़ी के खाली पड़े मैदान के समीप पहुंची तो उसे वहां एक संदिग्ध व्यक्ति घूमता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से एक धारदार खुखरी बरामद की। थाने लाकर की गयी पूछताछ में उसने अपना नाम विकास शर्मा पुत्र अजीत शर्मा निवासी तिवारी मोहल्ला पंडितवाड़ी थाना कैंट बताया। पुलिस ने उसे आर्म्स एक्ट की धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## घास काटने गयी महिला खाई में गिरी, मौत

संवाददाता

देहरादून। घास काटने गयी महिला खाई में गिर गयी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम प्रधान दूधई सेलाकुई ने थाना सेलाकुई पुलिस को सूचना दी कि दूधई निवासी श्रीमति रीता पत्नी मोहन सिह घास काटने के लिए गयी थी जोकि 900 मीटर नीचे खाई में गिर गयी है जिसके मौत हो गयी है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एसडीआरएफ व फायर सर्विस की सहायता ने मृतका के शव को बमुश्किल खाई से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## तीन किलो गांजे के साथ महिला गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने तीन किलो गांजे के साथ महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि बिन्दाल बस्ती में एक महिला गांजा बेच रही है। सूचना मिलते ही पुलिस बिन्दाल पुल के नीचे बस्ती में पहुंची तो पुलिस को देखकर एक महिला भाग खडी हुई और एक झोपडी जा छुपी।

पुलिस ने पीछा कर झोपडी की तलाशी ली तो वहां से तीन किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम कंचन साहनी पत्नी अमिरत साहनी निवासी दरभंगा हाल निवासी बिन्दाल बस्ती बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।



# पूर्व यूथ कांग्रेसी नेता, व्यापार संघ महासचिव ने ली भाजपा की सदस्यता

संवाददाता

बेरीनाग। यूथ कांग्रेस का पूर्व महामंत्री व्यापार संघ बेरीनाग महासचिव हरीश बाफिला को कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बिशन सिंह चुफाल भाजपा के कार्य को देखकर बड़ी संख्या में लोग भाजपा से जोड रहे हैं पूरे प्रदेश में भा की लहर फैली हुई है प्रदेश में भाजपा फिर से सरकार बनाने जा रही है। इस मौके व्यापार संघ महासचिव हरीश बाफिला ने कहा की भाजपा के विकास कार्यों को देखकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# चोरी का प्रयास कर रहे दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने दुकान में चोरी करने का प्रयास कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुद्धोवाला निवासी भगत सिंह भण्डारी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 31 जनवरी की रात को सुद्धोवाला स्थित उसकी दुकान में दो चोर चोरी कर ने के लिए घुसे थे लेकिन जब लोगों को पता चला तो शोर सुनकर वह वहां से भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के बाद आज दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्होंने अपने नाम आकाश रावत पुत्र रामसिंह रावत निवासी साई विहार सुद्धोवाला व अभिषेक चौहान पुत्र जितेन्द्र चौहान शक्ति मन्दिर के पास सुद्धोवाला बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्मैक के साथ 3 गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन को सीज कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डोईवाला कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान लालतप्पड चौकी के पास एक कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक कार को तेजी से भगा ले गया। पुलिस ने पीछा कर थोडी दूरी पर कार को रोक लिया और उसमे सवार तीन लोगों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके कब्जे से 21 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने ना शैलेश पुत्र सूर्यभान निवासी अधोईवाला व अभिषेक पुत्र उमेश निवासी तुनवाला रायपुर व शुभम पुत्र विजय निवासी गढवाली कालोनी रायपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार को सीज कर दिया।

# चुनाव चिह्न बंटने के बाद चुनाव प्रचार हुआ तेज

बागेश्वर (आरएनएस)। नामांकन वापस लेने और चुनाव चिह्न बंटने के बाद चुनाव प्रचार तेज हो गया है। कार्यकर्ता और प्रत्याशी अब गांव–गांव पहुंचने लगे हैं। १२ दिन में १८८ बूथों तक पहुंचना हर प्रत्याशी के लिए चुनौती भरा साबित होगा। मौसम भी उनकी राह को और कठिन बनाने जा रही है। बागेश्वर और कपकोट विधानसभा के कई गांव ऐसे हैं जिनकी दूरी सड़क से चार से पांच किमी दूरी पर है। इसके अलावा कई मार्ग अभी कच्चे हैं। वहां वाहनों के फंसने का भी खतरा बना है। मौसम विभाग की चेतावनी यदि सही साबित हुई तो कपकोट के कई गांव बर्फबारी में कट जाएंगे। यहां पहुंचना कठिन हो जाएगा।

# पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जमकर हुआ हिमपात

पिथौरागढ़ (आरएनएस)। सीमांत जनपद में मौसम फिर से करवट बदलने लगा है। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जमकर हिमपात हुआ। लास्पा, मिलम सहित अन्य उच्च हिमालयी क्षेत्रों में २ फीट से अधिक बर्फबारी हुई, जिससे यहां का तापमान माइनस १० डिग्री पहुंच गया है। वहीं निचले इलाकों में बादल छाए रहे। बर्फबारी और बादल छाए रहने से हिमनगरी ठंड के आगोश में है, जबकि जनपद के अन्य हिस्सों में भी ठंड का असर बना रहा। मंगलवार को मुनस्यारी के खलिया, पंचाचूली, राजरंभा, हंसलिंग, मिलम, लास्पा सहित अन्य उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी जारी रही। पिछले दो दिनों में यहां २ से ३ फीट बर्फबारी हुई है।

# सेवानिवृत्त हुए मोहन सिंह स्यूनरी, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दी शुभकामनाएं

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत मोहन सिंह स्यूनरी आज ४२ वर्ष की सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हो गये हैं।



इस अवसर पर विभाग में आयोजित विदाई समारोह में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। विभाग के अपर निदेशक डॉ. अनिल चन्दोला, संयुक्त निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी एवं श्री के.एस.चौहान द्वारा श्री स्यूनरी को विदाई के अवसर पर स्मृति चिन्ह एवं शॉल भेंट की गई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अपर निदेशक डॉ. अनिल चन्दोला ने कहा कि श्री स्यूनरी ने अपने सेवाकाल में अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि विभाग के युवा कार्मिकों को श्री स्यूनरी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उत्तर प्रदेश से उत्तराखण्ड तक लम्बे समय तक श्री स्यूनरी ने सूचना विभाग को अपनी सेवाएं दी है, जिसके लिए विभाग सदैव ऋणी रहेगा।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक के.एस.चौहान ने भी श्री स्यूनरी को शुभकामनाएं देते हुए उनके साथ सेवाकाल के संस्मरण सुनाएं। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थाधिकारी रामपाल सिंह रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त निदेशक आशिष कुमार त्रिपाठी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी गोपाल सिंह राणा सहित अन्य अधिकारीगण, उत्तराखण्ड सूचना कर्मचारी संघ की उपाध्यक्ष सुषमा, महामंत्री सुरेश चन्द्र भट्ट, संयुक्त मंत्री प्रशांत रावत, संगठन मंत्री श्री रणजीत सिंह बुदियाल, अंकित कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# विदेश जाने के लिए सही एजेन्सी का चुनाव करें: मोहित

संवाददाता

देहरादून। इंटरनेशनल सर्विसेज के मोहित कुमार ने कहा कि विदेश में नौकरी पाने के लिए युवा वर्ग अति उत्साहित रहता है लेकिन विदेश जाने के लिए सही एजेन्सी का भी चुनाव जरूरी है।





आज यहां प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए इंटरनेशनल सर्विसेज के प्रबंधक निदेशक मोहित कुमार के द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य ऐसे युवा वर्ग जो विदेश जाकर काम करने के इच्छुक है उनका मार्गदर्शन करना है कि सही एजेन्सी का चुनाव कैसे करना है।

मोहित कुमार ने कहा आजकल का युवा वर्ग विदेश में काम करने को लेकर बड़ा ही उत्सुक और उत्साहित रहता है। परन्तु इसी अति उत्साह के कारण वह गलत लोगों का चुनाव कर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ कर बैठता है। कभी भी एजेन्सी का चुनाव करने से पहले ये सुनिश्चित कर ले की वह विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है कि नहीं उसका लाइसेंस भली भांति जाँच हमारे उत्तराखण्ड की युवा प्रतिभा को सही दिशा और विदेश में सही नौकरी दिलाने के लिए कुमार इंटरनेशनल सर्विसेज जो राजपुर रोड जाखन, देहरादून में स्थित है एवम् विदेश मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त रोजगार एजेन्सी प्रतिज्ञाबद्ध है। अभी दुबई में सिक्योरिटी गार्ड्स की नौकरी के लिए हमारे द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जा रहा। कुमार ने आगे बताया की किसी भी एजेन्सी का लाइसेंस चौक करने के लिए और उसकी सत्यता को परखने के लिए विदेश मंत्रालय द्वारा एक वेबसाइड का संचालन किया जाता है। जिसके होम पेज ऑफ । एक्टीव आरए पर क्लीक करते ही आपको सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंसी कि लिस्ट आ जाएगी। साथ–साथ उसमें इसकी भी जानकारी दर्ज है कि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेन्सी के क्या लाभ है और अवैध एजेन्सी के द्वारा काम कराने के क्या नुकसान और जोखिम है।

# सभी दलों ने की उत्तराखण्ड के गांधी की अनदेखी

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड को शहीदों के सपनों का राज्य बनाने का दावा हर दल करता है वह भी चुनाव के दौरान, लेकिन चुनाव के समय किसी भी दल के नेता ने उत्तराखण्ड के गांधी इन्द्रमणि बडोनी की सुध नहीं ली और अधिकांश राजनीतिक दलों के नेता घंटाघर पर आये लेकिन उस तरफ मुंह नहीं किया।



राज्य बनने के बाद यह नारा काफी जोरों पर सुनायी देता आया कि हम राज्य को शहीदों के सपनों का उत्तराखण्ड बनायेगे। यहां से पलायन रोका जायेगा प्रवासी उत्तराखण्डियों को रोजगार दिलाया जायेगा वगैरा–वगैरा कई बातें करते हुए नेता दिखायी दिये। पिछले 21 सालों से ऐसा कुछ होता दिखायी नहीं दिया। ना तो प्रदेश से पलायन रूका है और ना ही युवकों को रोजगार मिला है। लेकिन एक बात तो हुई है कि प्रदेश में बेरोजगारी बढी है। प्रदेश की सत्ता पर चाहे वह कांग्रेस हो या फिर भाजपा दोनों ही दलों के नेताओं ने प्रदेश की जवानी और पानी बचाने के दावे किए। अभी तक तो राज्य आंदोलन के शहीदों के सपनों की राजधानी गैरसैण को तो दोनों में कोई भी स्थायी राजधानी घोषित नहीं कर पाया है तो पानी और जवानी बचाने का दावा तो एक शिगुफा ही लगता है। चुनावों के समय सभी राजनीतिक दल जनता से यह वादा करते हैं कि वह इस राज्य को शहीदों के सपनों का राज्य बनायेंगे और इसके लिए वह वचनबद्ध हैं। लेकिन चुनाव के परिणाम आने के बाद सत्ता सम्भालते ही उस वचन का क्या हुआ ना तो नेता ही बताते हैं और ना ही पांच साल तक जनता ही उनसे इसका जवाब मांगती है। यही नहीं क्षेत्रीय दल भी इस मामले में गम्भीर दिखायी नहीं देते हैं। वर्तमान में ही ले लो। चुनाव प्रचार की शुरूआत करते ही सभी नेता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर आगे बढते हैं तो कोई संविधान निर्माता डा0 बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर अपने चुनाव प्रचार की शुरूआत करते हैं। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के ठीक सामने उत्तराखण्ड के गांधी इंद्रमणि बडोनी की भी प्रतिमा लगी हुई है लेकिन उसकी तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता है। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह नेता शहीदों के सपनों का उत्तराखण्ड बनाने के लिए कितने गम्भीर हैं। जब इनकी नजरें उत्तराखण्ड के गांधी की प्रतिमा पर नहीं पड रही है तो उसके सपनों के उत्तराखण्ड बनाने के लिए यह कितने गम्भीर होंगे। यह वादे मात्र वादे तक ही सीमित हैं।

## मॉइश्चराइजिंग क्रीम खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान

भले ही मौसम कोई भी हो, नियमित तौर पर त्वचा को मॉइश्चराइज करना जरूरी है। इससे त्वचा पर नमी बरकरार रहती है और यह हमेशा खिली-खिली नजर आती है। हालांकि क्या आप जानते हैं कि मॉइश्चराइजिंग क्रीम में क्या-क्या आवश्यक गुण होने चाहिए और त्वचा के प्रकार के अनुसार कौन सी मॉइश्चराइजिंग क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए? शायद नहीं, तो आइए जानते हैं कि मॉइश्चराइजिंग क्रीम खरीदने से पहले किन-किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

त्वचा के प्रकार के अनुसार चुनें मॉइश्चराइजिंग क्रीम

अगर आप यह चाहते हैं कि मॉइश्चराइजिंग क्रीम से आपको भरपूर फायदा मिले तो इसे हमेशा अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार ही चुनें। बेहतर होगा कि रूखी त्वचा वाले लोग ऑयली बेस वाली मॉइश्चराइजिंग क्रीम का इस्तेमाल करें, वहीं तैलीय त्वचा वाले लोग जेल बेस मॉइश्चराइजिंग क्रीम लगाएं। अगर आपकी त्वचा बहुत ही ज्यादा संवेदनशील है तो कोई भी मॉश्चराइजर लगाने की बजाय डॉक्टर द्वारा बताई गई मॉइश्चराइजिंग क्रीम का इस्तेमाल करें।

स्किन टोन पर भी दें ध्यान

मॉइश्चराइजिंग क्रीम खरीदते समय स्किन टोन पर ध्यान देना भी जरूरी है क्योंकि कई मॉश्चराइजर हैवी ऑयल बेस वाले होते हैं, जिनके कारण त्वचा का प्राकृतिक रंग दब जाता है। इसलिए इन्हें खरीदते समय अपने स्किन टोन पर भी ध्यान दें और एक पेच टेस्ट जरूर लें। पेच टेस्ट के दौरान मॉइश्चराइजिंग क्रीम को चेहरे की बजाय हाथों पर लगाएं। अगर इससे आपकी रंगत में कोई बदलाव नहीं आता तो क्रीम को खरीद लें।

जब भी आप मॉइश्चराइजिंग क्रीम खरीदने जाएं तो यह जरूर चेक हैं कि वो एसपीएफ वाली है या नहीं। दरअसल, एसपीएफ युक्त मॉइश्चराइजिंग क्रीम की मदद से आप अपनी त्वचा को सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों से बचाकर रख सकते हैं। बेहतर होगा कि आप अपनी त्वचा के प्रकार के अनुसार 5० या फिर 3० स्क्र्स युक्त मॉइश्चराइजिंग क्रीम खरीदें और धूप में निकलने से 15 मिनट पहले इसे त्वचा पर लगाएं।

## इन मुख्य पांच कारणों से झड़ते है आपके बाल, जानिए इनके उपाय

हर कोई अच्छे बाल रखने की चाह रखता है, लेकिन झड़ते बालों के कारण आपकी ये चाहत अधूरी ही रह जाती है। इस कारण से कुछ लोग तो महंगे से महंगा शैंपू और कंडिशनर इस्तेमाल करते हैं फिर भी झड़ते बालों से परेशान रहते हैं और अपनी उम्र से ज्यादा बड़े लगने लगते है। इस समस्या से बचने के लिए आपको इसके कारण पता होने चाहिए। तो आइए जाने इसके कारण और उपाय।

आनुवंशिकता : इसका मतलब यह है कि अगर आपके परिवार में माता-पिता में से किसी को बाल झड़ने की समस्या है, तो यह आपको भी हो सकती है। इसमें आगे के हिस्से के बाल गिरने लगते हैं या कम होने लगते हैं। दवाइयां: कैंसर, गठिया, डिप्रेशन आदि रोगों के उपचार कि दवाईयां भी बालों के झड़ने का कारण बनती हैं। तनाव: बालों के कमजोर होने का प्रमुख कारण शारीरिक या मानसिक रूप से तनावपूर्ण होना है।

हार्मोन में बदलाव: डॉक्टरों का कहना है कि हार्मोस में बदलाव के कारण भी बाल झड़ते हैं। हार्मोस में बदलाव गर्भावस्था, बच्चे को जन्म देते हुए, रजोनिवृत्ति, थायरॉयड आदि के कारण होते हैं। कुछ हेयर स्टाइल और हेयर ट्रीटमेंट: कुछ हेयर स्टाइल जो बालों पर दबाव डालते हैं, वे भी बालों के झड़ने का कारण हो सकते हैं। इसके अलावा कुछ घरेलू उपचार जैसे गर्म तेल आदि जो कि हमारे बालों के झड़ने का कारण बन जाता है।

आनुवंशिकता पीड़ित लोगों के बालों को झड़ने से रोका नहीं जा सकता है, लेकिन कुछ उपायों से झड़ते बालों की समस्याओं को ठीक किया जा सकता है। वह उपाय इस प्रकार हैं: 1) टाइट हेयर स्टाइल जैसे चोटी और पोनीटेल न बनाए। ज्यादा बालों को खींचने या मोड़ने में उलझे न रहें। 2) दवाइयों के सेवन से बचें, जो बालों के झड़ने का कारण होती हैं। 3) आर्टिफ़िशियल बालों का उपचार जैसे हॉट रोलर्स, कर्लिंग आयरन से बचें।

अपने बालों को हल्के हाथों से धोएं और कंघी करें। कंघी करने के लिए, चौड़े दांतों वाली कंघी का ही इस्तेमाल करें। 5) अपने बालों को तेज धूप और यूवी किरणों के अन्य स्त्रोतों से बचाएं। 6) धूम्रपान से भी बाल झड़ते हैं, इसलिए धूम्रपान न करें। नोट: यदि इन उपायों से भी आपके झड़ते बालों की समस्या समाप्त नहीं होती है। तो किसी डर्मेटोलॉजिस्ट को दिखाएं। शायद आपके बालों के झड़ने का कारण कुछ और हो सकता है।

### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# ऑनलाइन लर्निंग के दौरान बच्चों को स्वस्थ रखने के लिए अपनाएं ये तरीके



जहां कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण कई ऑफिस ने अपने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम दे रखा है। वहीं, कई स्कूल ने भी ऑनलाइन लर्निंग को प्रथामिकता दी हुई है। अगर आपका बच्चा भी ऑनलाइन लर्निंग से जुड़ा है तो आपको उसके माहौल से लेकर खान-पान पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने बच्चे को ऑनलाइन लर्निंग के दौरान स्वस्थ रख सकते हैं।

यह स्टोरी क्यो महत्वपूर्ण है?

कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के कारण स्कूल बंद रहने से छात्रों का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हुआ है। इसका मुख्य कारण उनके अपने मित्रों से न मिलना, शारीरिक गतिविधि में कमी, खराब शारीरिक पॉश्चर और काफी देर तक मॉर्डन गैजेट्स में लगे रहना आदि है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि माता-पिता अपने बच्चे का ऑनलाइन लर्निंग के दौरान अतिरिक्त ध्यान रखें। इसके लिए आप नीचे दी गई टिप्स अपना सकते हैं।

एक आरामदायक स्टडी स्पेस करें तैयार

अगर आप यह चाहते हैं कि आपके बच्चे का ध्यान सिर्फ पढ़ाई में लगे तो घर पर एक अच्छा स्टडी स्पेस तैयार करें। इसके लिए कमरे में एक टेबल और कुर्सी रखें। वहीं, टेबल पर रखे जाने वाले लैपटॉप की स्क्रीन ब्राइटनैस और कंट्रास्ट को ऐसे सेट करें, जिससे बच्चे की आंखें सुरक्षित रहें। वहीं, लैपटॉप को इस तरह ऊंचा रखे, जिससे बच्चे का सिर और लैपटॉप समानांतर हो और उसकी अपनी गर्दन को झुकाना न पड़े।

स्वास्थ्यवर्धक खान-पान के दें विकल्प

बात चाहें ऑनलाइन लर्निंग की हो या फिर खेलकूद की, बच्चे के खान-पान पर अतिरिक्त ध्यान दें। बेहतर होगा कि आप बच्चे को मीठे, प्रोस्टेड और पैक फूड के साथ-साथ कार्बोनेटेड जैसी चीजें खाने-पीने से रोकें क्योंकि ये उसके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए जहां तक संभव हो हेल्दी स्नैकिंग पर जोर दें और बच्चे की स्टडी टेबल पर पानी, मेवे और फल आदि रखें ताकि जब उसे भूख लगे तो वह अपेक्षाकृत एक हेल्दी विकल्प को चुनें।



छोटे-छोटे ब्रेक लेने को कहें

अगर आपका बच्चा लंबे समय तक लैपटॉप के सामने बैठा रहेगा तो हो सकता है कि इसके कारण उसे सिर में दर्द, आंखों में दर्द या फिर गर्दन में दर्द का सामना करना पड़ जाए। वहीं, इससे बच्चे के दिमाग पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और वह खुद को बहुत थका हुआ महसूस कर सकता है। इससे बचने के लिए आप बच्चे को ऑनलाइन लर्निंग या एक्टिविटीज के दौरान छोटे-छोटे ब्रेक लेने को कहें।

नियमित तौर पर करवाएं कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

अगर आप यह नहीं चाहते हैं कि ऑनलाइन लर्निंग के दौरान आपका बच्चा कई तरह के शारीरिक दर्द से बचा रहें तो उसे रोजाना स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज कराना सुनिश्चित करें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के लिए बच्चे को अपना सिर पूरी तरह से दाई ओर झुकाने को कहें, फिर पूरी तरह बाई ओर झुकवाएं। इस दौरान थोड़ा दर्द हो सकता है, इसलिए इस एक्सरसाइज को आराम से करवाएं। इस एक्सरसाइज को ज्यादा से ज्यादा 2० बार करवाएं।

## शब्द सामर्थ्य -110


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

# भूल भुलैया 2 रिलीज डेट आउट, 25 मार्च को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

2007 में रिलीज हुई अक्षय कुमार और विद्या बालन की भूल भुलैया को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब 14 साल बाद इस फिल्फ का सीक्वल आ रहा है। इस बार इस फिल्म में कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। भूल भुलैया-2 25 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म की डेट में कोई बदलाव नहीं होगा। खास बात ये है कि फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। कुछ समय पहले खबरें थीं कि फिल्म की रिलीज डेट को बदला जा सकता है लेकिन फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपनी पोस्ट में जानकारी दी है कि कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म होली के ठीक बाद रिलीज होगी। फिल्म का डायरेक्शन अनीस बज्मी नें किया है। वहीं टी-सीरीज, भूषण कुमार और मुराद खेतानी फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। भूल भुलैया 2 की शूटिंग काफी पहले ही खत्म हो चुकी है। इस फिल्म में पहली बार कियारा आडवाणी और कार्तिक संग स्क्रीन शेयर करने जा रहे हैं। पहले बनी भूल भुलैया की बात करें तो इसमें अक्षय कुमार, विद्या बालन और शाइनी आहूजा लीड रोल में थे, लेकिन कहा जा रहा है कि विद्या बालन का मोंजोलिका अवतार इस बार भी दिखाई देगा।

## जन्नत जुबैर ने पुष्पा के गाने सामी- सामी पर किया डांस

पुष्पाः द राइज फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। लोगों ने इस फिल्म को खूब सराहा साथ ही इस फिल्म गाना सामी-सामी भी चर्चा में रहा। आम लोगों से लेकर टीवी सेलेब्स भी इसपर डांस कर वीडियो शेयर कर रहे हैं। हाल ही में टीवी एक्ट्रेस जन्नत जुबेर रहमानी ने भी इस गाने पर डांस का वीडियो किया। इस वीडियो को बहुत पसंद किया जा रहा है। ये वीडियो मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो को 7 घंटे में 868000 से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैंद्य वहीं इस वीडियो को हजारों में कमेंट मिल रहे हैं। जन्नत जुबैर एक एक्ट्रेस होने-होने के साथ सोशल मीडिया इंफ्यूलेंसर भी हैं। जन्नत जुबैर के इंस्टाग्राम पर 39 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। जन्नत जुबैर ने सामी-सामी गाने पर साड़ी पहन कर डांस किया हैद्य वहीं वह ब्लैक कलर का चश्मा भी लगाए नजर आ रही हैद्य जन्नत जुबैर ने इस अवसर पर रश्मिका मंदाना के स्टेप्स को कॉपी करने का प्रयास किया है। जन्नत जुबेर रहमानी ने बोल्ड वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, सामी-सामीद्य इसके अलावा उन्होंने एक दिल की इमोजी भी शेयर की है। लोग उनके डांस को खूब पसंद कर रहे हैं। जन्नत जुबैर टीवी सीरियल फुलवा से उन्होंने एक्टिंग डेब्यू किया था। इसके बाद फिर कभी रुकने का नाम लिया। टेलीविजन शोज के साथ जन्नत फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।

## 'द घोस्ट' में जैकलीन की जगह सोनल चौहान की हुई एंट्री!

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनल चौहान फिल्म 'द घोस्ट' में नागार्जुन के साथ काम करती नजर आ सकती है। जैकलीन फर्नांडीस फिल्म 'द घोस्ट' में काम करने वाली थी लेकिन बात नहीं बन सकी। अक्किनेनी नागार्जुन की फिल्म 'द घोस्ट' से जैकलीन का पत्ता कट गया है। जी हां, फिल्म में जैकलीन पहले नागार्जुन के साथ लीड रोल में नजर आने वाली थीं, लेकिन अब पता चला है कि उनकी जगह 'जन्नत' फेम सोनल चौहान को यह ऑफर दिया गया है। मेकर्स का मानना है कि फिल्म में नागार्जुन के अपोजिट सोनल एकदम सही रहेंगी। सोनल और नागार्जुन की जोड़ी फ्रेश है। मेकर्स का मानना है कि नागार्जुन और सोनल की केमिस्ट्री खूब जमेगी। यह खबर जहां एक ओर जैकलीन के फैंस के लिए बुरी है, वहीं सोनल चौहान के फैंस इससे बेहद खुश होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'द घोस्ट' के मेकर्स का मानना है कि फिल्म में नागार्जुन के अपोजिट सोनल चौहान एकदम सटीक रहेंगी। सोनल और नागार्जुन की जोड़ी फ्रेश है। सोनल की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।

## बम्पर में मुख्य भूमिका निभाएंगी शिवानी नारायणन

बिग बॉस तमिल की प्रतियोगी और अभिनेत्री शिवानी नारायणन को निर्देशक सेल्वाकुमार की बम्पर की नायिका के रूप में चुना गया है। फिल्म में अभिनेता वेत्री मुख्य भूमिका में हैं। केरल बंपर लॉटरी पर आधारित तमिल फिल्म में अभिनेता थंगादुरई भी एक दिलचस्प भूमिका में होंगे। यूनिट के करीबी सूत्रों का कहना है कि टीम ने केरल सरकार से जरूरी अनुमति लेकर पेरूवाझी पाथाई रूट पर पहले शेड्यूल की शूटिंग कर ली है। निर्देशक सेल्वाकुमार ने कहा कि केरल बंपर लॉटरी इस फिल्म की पृष्ठभूमि है। वेत्री नायक की भूमिका निभा रहे हैं, और अभिनेता हरीश पेराडी एक बहुत ही महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। नेदुनलवादाई, एमजीआर मगन, आलम्बाना और कदामैये सेई जैसी फिल्मों में काम कर चुके विनोथ रथिनासामी फिल्म के छायाकार हैं। सूत्रों ने कहा अगला शेड्यूल जल्द ही शुरू होगा, और शूटिंग फरवरी में पूरी की जाएगी। गोविंद वसंता ने बम्पर के लिए संगीत दिया है, जिसे वेथा पिक्च र्स के लिए एस त्यागराज द्वारा निर्मित किया गया है।

# 25 फरवरी को रिलीज होगी आलिया की फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी



आलिया भट्ट पिछले काफी समय से फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी इस फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है, क्योंकि इसमें आलिया एक अनदेखे अवतार में नजर आने वाली हैं। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की रिलीज कई बार टल चुकी है। पिछले साल नवंबर में फिल्म की रिलीज डेट 18 फरवरी, 2022 तय की गई थी, हालांकि, अब इसे फिर आगे बढ़ा दिया गया है।

निर्देशक संजय लीला भंसाली ने सोशल मीडिया पर फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। कई बार फिल्म की रिलीज टलने के बाद अब आखिरकार यह 25 फरवरी को रिलीज हो रही है। इसके एक दिन पहले यानी 24 फरवरी को भंसाली का जन्मदिन होता है। फिल्म की शूटिंग 2019 में ही शुरू हो गई थी। पहले यह फिल्म 11 सितंबर, 2020 को रिलीज होने वाली थी। कोरोना महामारी के चलते फिल्म की रिलीज में देरी हुई है।

गंगूबाई काठियावाड़ी एक असल जिंदगी से प्रेरित कहानी है। इसमें मुंबई के कमाठीपुरा की माफिया क्वीन गंगूबाई की कहानी को दिखाया गया है। गंगूबाई को कम उम्र में कोठे पर बेच दिया गया था। तमाम संघर्ष के बाद वह मुंबई की माफिया क्वीन बनी थीं। फिल्म में इस किरदार को आलिया ने निभाया है। वह पहली बार अपने करियर में लेडी डॉन की भूमिका निभाने जा रही हैं। अजय देवगन और इमरान हाशमी भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।

गंगूबाई का असली नाम गंगा हरजीवनदास था, जो गुजरात के काठियावाड़ी की रहने वाली थीं। उन्हें 16 साल की उम्र में अपने पिता के अकाउंटेंट से प्यार हो गया था और वह उससे शादी करके मुंबई भाग आई थीं। कहा जाता है कि उनके पति ने उन्हें 500 रुपये में बेच दिया था। इसके बाद वह वेश्यावृत्ति करने लगीं। उन्होंने बाद में अपने जीवन में महिलाओं के हित में कई काम किए और गंगूबाई काठियावाड़ी के नाम से मशहूर हुईं।

भले ही गंगूबाई कोठे चलाती थीं, लेकिन उन्होंने अपने रसूख का इस्तेमाल वेश्यालयों की हालत सुधारने में भी किया था। वह किसी को भी जबरन अपने कोठे में नहीं रखती थीं। जो भी इस धंधे से बाहर जाता था, वह उसकी मदद भी करती थीं।

आलिया फिल्म आरआरआर से साउथ इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं। उन्हें निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के साथ देखा जाएगा। आलिया करण जौहर की फिल्म तख्त में भी एक अहम भूमिका निभाएंगी। वह शाहरुख खान के होम प्रोडक्शन में बन रही फिल्म डार्लिंग्स का हिस्सा हैं। इससे पहले दोनों डियर जिंदगी में साथ काम कर चुके हैं। करण जौहर की रोमांटिक फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी आलिया अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।

# अब जैस्मिन भसीन पर चढ़ा पुष्पा का बुखार

टीवी एक्ट्रेस और बिग बॉस 14 फेम जैस्मिन भसीन पिछले कुछ से लगातार लाइमलाइट में बनी हुई हैं. अब एक्ट्रेस ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की ओर रुख कर लिया है. वह जल्द ही सिंगर और एक्टर गिप्पी ग्रेवाल के साथ फिल्म हनीमून में नजर आने वाली हैं. इन दिनों वह चंडीगढ़ में हैं और फिल्म की शूटिंग में व्यस्थ हैं. इस फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत छाबड़ा कर रहे हैं.

हालांकि इनते बिजी शेड्यूल होने के बावजूद भी जैस्मिन अपने फैंस का मनोरंजन करना नहीं भूल रही हैं. 14 जनवरी को साउथ इंडियन फिल्म पुष्पा का हिंदी वर्जन अमेजन प्राइम पर रिलीज हुआ है, जिसके बाद से इंटरनेट पर इस फिल्म के डायलॉग्स और डांस वीडियोज ट्रेंड करने लगे हैं. फिल्म के गानों से लेकर डायलॉग्स तक का क्रेज सोशल मीडिया यूजर्स पर के सिर चढ़कर बोल रहा है.

इसी बीच अब जैस्मिन और गिप्पी ने भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें दोनों फिल्म के फ्लावर वाले डायलॉग पर एक्ट करते नजर आ रहे हैं. दरअसल, वीडियो में गिप्पी जैसे ही जैस्मिन नाम सुनते हैं, वह उसे फ्लावर समझने लगते हैं, लेकिन एक्ट्रेस अपने नाम का मजाक न उड़वाते हुए जवाब देती हैं. जैस्मिन कहती हैं कि फ्लावर नहीं, फायर हूं. इसके बाद दोनों ही अल्लू अर्जुन का सिग्नेचर स्टेप करते नजर आते हैं.

इस दौरान जैस्मिन ने येलो कलर का सूट पहना हुआ है. वहीं, गिप्पी ग्रेवाल ब्लैक पैंट्स और हल्के ब्लू कलर की शर्ट पहने नजर आ रहे हैं. अब दोनों को ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. फैंस के साथ-साथ तमाम यूजर्स वीडियो पर कमेंट कर अलग-अलग रिएक्श दे रहे हैं. वीडियो को अब तक लाखों व्यूज मिल चुके हैं.

# अथिया और अहान की शादी की खबरों को सुनील शेट्टी ने किया खारिज

दिग्गज अभिनेता सुनील शेट्टी की बेटी और अभिनेत्री अथिया शेट्टी अपने अफेयर को लेकर लाइम लाइट में हैं। वह भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल को डेट कर रही हैं। हाल में ऐसी खबरें आई थीं कि इस साल सुनील के दोनों बच्चे अथिया और अहान शेट्टी शादी करने वाले हैं। अब अभिनेता सुनील ने ऐसी खबरों को महज अफवाह बताया है। सुनील ने ऐसी खबरें परोसने को लेकर सोशल मीडिया पर अपनी भड़ास निकाली है।

रिपोर्ट में बताया गया था कि अथिया और अहान इस साल शादी करेंगे। सुनील ने इसी रिपोर्ट का लिंक शेयर करते हुए एक ट्वीट किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, इस लेख को देखो। इस बात को लेकर सुनिश्चित नहीं हूं कि दुखी होना है या खुश। किसी भी फैक्ट को वेरिफाई करने से पहले स्कूप करने की जरूरत को नहीं समझ सकते। इस तरह की गैरजिम्मेदाराना रिपोर्टिंग पत्रकारिता की विश्वसनीयता को ठेस पहुंचाती है।

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि शेट्टी परिवार में डबल सेलिब्रेशन होगा। एक सूत्र ने बताया था, अथिया-राहुल की शादी निश्चित रूप से 2022 में हो रही है। अहान भी तान्या श्रॉफ के साथ एक सीरियस रिलेशनशिप में हैं। बहुत जल्द उनका शादी करने का भी इरादा है। शायद 2022 में ही उनकी भी शादी हो जाएगी। कहा गया था कि अथिया और अहान दोनों की शादी की रजामंदी पर बात बन गई है।

दिसंबर में अथिया बॉयफ्रेंड राहुल का हाथ थामे अपने भाई अहान की फिल्म तड़प की स्क्रीनिंग में पहुंची थीं। यह पहला मौका था, जब राहुल और अथिया ने अपना रिश्ता सार्वजनिक किया। अथिया ने जब राहुल का हाथ थामे प्रीमियर में एंट्री की तो सबकी निगाहें उन्हीं पर चली गईं। स्क्रीनिंग में कई जोड़ियां शरीक हुई थीं, लेकिन अथिया और राहुल ने सबका ध्यान खींचा। अथिया के परिवार के साथ भी राहुल ने मीडिया को खूब पोज दिए।

अहान-तान्या के रिश्ते की तो दोनों की दोस्ती बचपन से है, जो अब प्यार में तब्दील हो चुकी है। तान्या, अहान की स्कूल फ्रेंड थीं। तान्या ना सिर्फ अहान, बल्कि उनके परिवार के भी बेहद करीब हैं। शुरुआत ही उनका अहान के घर आना-जाना लगा रहा है। 2015 में अहान ने तान्या को प्रपोज किया था और रणबीर कपूर के कजिन अरमान जैन की शादी में पहली बार वे कपल के तौर पर साथ नजर आए थे।

तान्या भले ही बॉलीवुड से ताल्लुक नहीं रखती हैं, लेकिन उन्होंने 2015 में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा था। तान्या कई बड़े फैशन ब्रॉन्ड के साथ काम कर चुकी हैं। वह फैशन इंफ्लुएंसर और डिजाइनर हैं। तान्या अपने स्टाइल स्टेटमेंट्स के लिए मशहूर हैं।

# देश पर भारी पड़ रही है के-शेप्ड रिकवरी

चंद्रभूषण

आर्थिक संकटों के बाद अर्थव्यवस्थाओं की वी-शेप्ड, यू-शेप्ड, और एल-शेप्ड रिकवरी की बात हमने सुनी है। इनमें पहली का अर्थ है, जिस रफ्तार से एक अर्थव्यवस्था नीचे गई थी, उसी तरह उसका ऊपर उठकर अपनी सहज गति में लौट आना। दूसरी से मतलब तली वाली स्थिति में कुछ समय बिता लेने के बाद ऊपर उठने से लिया जाता है, जबकि तीसरी का अर्थ है नीचे जाने के बाद उसी स्तर पर पड़े रह जाना। कोविड महामारी के दौरान पहली बार हमें के-शेप्ड रिकवरी की चर्चा सुनने को मिली। यानी पूरी अर्थव्यवस्था के धड़ाम से नीचे जाने के बाद इसके एक हिस्से का तेजी से ऊपर आना, जबकि दूसरे हिस्से का नीचे ही नीचे चलते जाना। ऐसा हम एक साल से, बल्कि जरा और पहले से अपने इर्दगिर्द होते देख रहे हैं।

शिक्षा का बेड़ा गर्क

दुनिया में बढ़ रही आर्थिक विषमता को लेकर कई संगठन हर साल आंकड़े जारी करते हैं, जिससे एक-दो दिन की सनसनी भर पैदा होती है। आम जनजीवन के लिए इसके बहुत मायने नहीं होते। उदाहरण के लिए, यह बात शायद ही किसी के दिमाग में दर्ज हो कि वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम में दिए गए अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने जिस कठिन कोविड दौर में ८० करोड़ भारतीयों को मुफ्त में भोजन उपलब्ध कराने की बात कही है, उसी डेढ़ साल की अवधि में भारतीय अरबपतियों की संपदा 23 लाख करोड़ से बढ़कर 53 लाख करोड़ रुपये हो चुकी है। पिछले दो दशकों में हम अपने अरबपतियों की तादाद बढ़ने पर गर्व ही करते आ रहे हैं। जाहिर है, इन विचित्र संख्याओं से हमारे चमचमाते गर्व पर शर्म का कोई छींटा नहीं पड़ने जा रहा।

फिर भी, अपने आसपास हो रहे कुछ बदलावों की अनदेखी हमें नहीं करनी चाहिए। कोविड के दौर में देश की अरबपति जमात का हिस्सा बने ४० नामों में एक का संबंध शिक्षा के क्षेत्र से है। यह कोई स्कूल चेन नहीं, एक ट्यूशन-कोचिंग एग्रीगेटर है। जाति व्यवस्था के शिकार इस देश में और भी भयानक किस्म की एक नई जाति व्यवस्था कायम करने वाले इस दुष्चक्र के बारे में काफी कुछ कहा जाता रहा है। रसायनशास्त्र के नोबेल लॉरिएट वेंकी रामकृष्णन ने पुरस्कार जीतने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में भारत की कोचिंग इंडस्ट्री के चलते अपना दाखिला आईआईटी में न होने और मजबूरी में अकेडमिक्स की तरफ आ जाने की बात कही थी। अभी तो यह धंधा इतना बड़ा हो चुका है कि देश के ८० फीसदी आम दायरे से प्रतिभाओं का चयन एक दिवास्वप्न बनकर रह गया है।

दुर्भाग्य यह कि लोगों को आगे बढ़ने के न्यूनतम अवसरों से वंचित करने वाली इस प्रक्रिया का विस्तार कोविड के दिनों में उच्च शिक्षा से साक्षरता तक हो गया है। ऐनुअल सर्वे ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) ने २०२१ में पिछड़े इलाकों के स्कूली बच्चों से सवाल-जवाब करके दो नतीजे निकाले। एक, कुल 68 प्रतिशत बच्चों के परिवार में किसी न किसी व्यक्ति के पास स्मार्टफोन मौजूद था। और दो, इसके जरिये ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा शहरों में 24 फीसदी और गांवों में सिर्फ आठ फीसदी बच्चों को ही प्राप्त हो पा रही थी। विश्व बैंक बता रहा है कि भारी तादाद में बच्चों की, खासकर बच्चियों की पढ़ाई कोविड में ही खत्म हो चुकी है। यह भी कि जो बच्चे स्कूल लौटने वाले हैं, उन्हें भी कोविड से पहले वाली स्थिति में ही मानकर पढ़ाना उचित रहेगा। जैसे, मार्च २०२० में अगर कोई बच्चा दूसरी पास करके तीसरी क्लास में जाने वाला था तो उसे मार्च २०22 में पांचवीं के बजाय तीसरी की पढ़ाई कराना बेहतर होगा, क्योंकि बुनियादी समझ हासिल किए बिना ऊंची क्लास की पढ़ाई उससे हो नहीं पाएगी।

के-शेप्ड रिकवरी का यह भी एक अनोखा उदाहरण है। जिस माहौल से निकली ऑनलाइन पढ़ाई ने भारत को पहला 'एजुकेशन बिलिनेयर' दिया है, वही बुनियादी शिक्षा से वंचित एक समूची पीढ़ी की सौगात भी देश को देने जा रही है। अगर हम इसे आकस्मिक कोविड आपदा का झटका मानकर पुराने रास्ते पर ही बढ़ते जाते हैं तो यह खुद को धोखे में रखने जैसा होगा। भारत की शिक्षा व्यवस्था बीमार है और इसकी बीमारी वक्त बीतने के साथ बढ़ रही है। इसका ढांचा अब पूरी तरह उन परिवारों तक ही सिमट चुका है, जिनके मुखिया के खाते में ३० साल की उमर होने तक कम से कम ५० हजार रुपये हर महीने पहुंचने लगते हैं। भारत में ऐसे परिवार 15-२० फीसदी या शायद उससे भी कम हैं। बाकी ८० फीसदी आबादी फर्जी 'इंग्लिश मीडियम' स्कूलों और 'शिक्षामित्रों' के भरोसे है।

शिक्षा से भी बुरा हाल हमारे यहां चिकित्सा क्षेत्र का है। फाइव स्टार सुविधाओं वाली प्राइवेट हॉस्पिटल चेन्स का हल्ला वर्षों से जारी है, लेकिन महामारी के मामले आने शुरू हुए तो इन बीमा-बेस्ड अस्पतालों ने अपने दरवाजे धड़ाम से बंद कर लिए। बाद में दबाव पड़ने पर इनमें से कुछ दरवाजे खुले भी तो अमीर परिवारों ने भी इनके बिल देखकर बीच बीमारी में ही अपने मरीज कहीं और भर्ती कराए। सरकार को एक ऐसा सर्वे जरूर करवाना चाहिए कि कोरोना के इलाज के दौरान कितने परिवार खाते-पीते मध्यवर्ग की स्थिति से नीचे आकर गरीब तबकों में शामिल हो गए हैं और कितने अपनी बचत, जीविका और साथ में मरीज भी खोकर सड़क पर आ गए हैं।

अमीरी के द्वीप

एक समाज, एक सभ्यता के लिए के-शेप्ड रिकवरी एक भयानक चीज है। इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि ऊपर से सारे आंकड़े ठीकठाक दिखते रहेंगे। लेकिन अर्थव्यवस्था के इंजन की भूमिका निभाने वाला भारत का बाजार और इसका भविष्य, दोनों इस बीच बुरी तरह सिकुड़ते जाएंगे। ग्रोथ हकीकत में रुग्ण अमीरी के द्वीपों की होगी, जिसे कुछ मायनों में 'कैंसरस ग्रोथ' समझना ही उचित होगा। इसलिए बीमारी के नरम पड़ने के बाद सरकार का पहला काम यह होना चाहिए कि वह अवसरों की समानता में आ रहे अवरोधों को दूर करे और छप्पर फाड़कर बरसा धन बटोर लेने वाले सुपर-रिच तबके की इस काम में पूरी मदद ले। यह मदद वे अपनी मर्जी से शायद ही देना चाहेंगे, लिहाजा इसके लिए कानून बनाए जाएं।

## इस साल काफी व्यस्त रहेगीं रकुलप्रीत सिंह, रिलीज को तैयार हैं सात फिल्में

अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के लिए वर्ष २०२२ काफी व्यस्त साल है। इस साल रकुल की 7 फिल्में रिलीज के लिए तैयार है, जिनमें से छह हिंदी फिल्में हैं। बॉलीवुड में उनके शीर्षकों में आयुष्मान के साथ 'डॉक्टर जी', अमिताभ बच्चन और अजय देवगन के साथ 'रनवे 34', अजय देवगन और सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'थैंक गॉड', 'छतरीवाली', 'अटैक' और अक्षय कुमार के साथ एक अनटाइटल्ड फिल्म शामिल हैं।

उत्साहित रकुल ने साझा किया कि मैं उम्मीद कर रही हूं कि २०22 मेरे सबसे अच्छे वर्षों में से एक होगा। मैं वास्तव में २०22 का इंतजार कर रही थी, क्योंकि 7 फिल्में हैं जो रिलीज के लिए तैयार हैं, 6 हिंदी में। मुझे उन सभी की शूटिंग करने में एक अद्भुत अनुभव हुआ है। प्रत्येक चरित्र एक दूसरे से बहुत अलग है, प्रत्येक फिल्म एक अलग शैली की है।

रकुलप्रीत सिंह कहती है कि अटैक एक एक्शन फिल्म है तो रनवे 34 में मैं एक पायलट की भूमिका निभा रही हूं तो डॉक्टर जी में मैं एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की भूमिका निभा रही हूं, थैंक गॉड कमर्शियल है। वह आगे कहती हैं, मुझे उम्मीद है कि लोग वास्तव में इसे पसंद करेंगे। इन फिल्मों के लिए शूटिंग करना एक अद्भुत अनुभव रहा है और अब उनके बाहर आने का समय है। मैं बस इन फिल्मों के शुरू होने का इंतजार कर रही हूं।

## सू- दोकू क्र. 110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र.109 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# टला नहीं संकट

यह अच्छी बात है कि कई राज्यों में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की तीव्रता कम होने के बाद कई तरह के प्रतिबंधों में ढील दी गई है। कुछ राज्यों में स्कूल खोलने की तैयारी की जा रही है। कोरोना संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य महाराष्ट्र में राजनीतिक विरोध के बावजूद स्कूल खोल दिये गये हैं।

हालांकि, दिल्ली में सम-विषम के आधार पर दुकानों की बंदी और सप्ताहांत का कर्फ्यू हटाने के साथ कुछ अन्य छूट दी गई हैं लेकिन स्कूलों को खोलने पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया। दिल्ली सरकार का मानना है कि किशोरों का टीकाकरण हो जाने के बाद स्कूल खोलने का उचित माहौल बन पायेगा। यह अच्छी बात है कि कुछ राज्यों में कोरोना के मामलों में गिरावट के बाद प्रतिबंधों का दायरा सीमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूलों को खोलने की प्रक्रिया आरंभ हुई है। दरअसल, विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक कोरोना संकट के चलते स्कूल बंद होने का बच्चों के मानसिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों में प्राकृतिक तौर पर रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक होती है। लेकिन बच्चों से अधिक भावनात्मक लगाव के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से कतराते हैं। तभी सरकारों ने तय किया है कि विद्यार्थी अभिभावकों की सहमति से स्कूल जा सकेंगे। स्कूलों को भी कोरोना से बचाव के उपायों पर सख्ती बरतने को कहा गया है। कोरोना संक्रमण रोकने को लगी बंदिशों का दायरा घटाने की खबरें ऐसे समय में आ रही हैं जब इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोम कंसोर्शियम के अनुसार, कोविड-19 भारत में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति में पहुंच गया है, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके बावजूद ओमीक्रोन के ज्यादा मामले हल्के-बिना लक्षण वाले हैं, जिसमें यह पता लगाना कठिन होता है कि व्यक्ति किसके संपर्क में आने से संक्रमित हुआ।

बहरहाल, ऐसी स्थिति में समाज के बीच मौजूद वायरस के संक्रमण की चेन तोड़ना कठिन होता है। यह तेजी से प्रसार करता है। तभी स्वास्थ्य मंत्रालय टेस्टिंग-टीकाकरण के साथ ही टेली कंसल्टेशन पर जोर दे रहा है, ताकि अस्पतालों में ज्यादा भीड़ संक्रमण की वाहक न बने। इसके बावजूद कई राज्यों में बंदिशों में ढील देकर जान के साथ जहान बचाने की प्रक्रिया शुरू हुई है। दरअसल, पहली कोरोना लहर में सख्त बंदिशों के चलते अर्थव्यवस्था ने तेजी से गोता लगाया और करोड़ों लोग बेरोजगारी की कगार पर जा पहुंचे थे। अब संकट के बीच जीवन जीने को न्यू नॉर्मल बनाने की कोशिश हो रही है। हरियाणा में भी दसवीं से बारहवीं तक के स्कूल एक फरवरी से खोले जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में ठंड व कोरोना प्रकोप के चलते स्कूलों को 31 जनवरी के बाद भी 15 फरवरी तक के लिये बंद कर दिया गया है। वहीं उत्तराखंड में नौवीं तक के स्कूल जनवरी के अंत तक बंद रहेंगे। झारखंड में फरवरी से स्कूल खोले जायेंगे। इसके बावजूद सामुदायिक संक्रमण की खबरें चिंता बढ़ाने वाली हैं। इसके शहरों के बाद ग्रामीण इलाकों में पांव पसारने की आशंका बनी हुई है। लेकिन राहत की बात यह है कि जनवरी के तीसरे सप्ताह में संक्रमण की आर वैल्यू में गिरावट आई है जो अभी डेढ़ के करीब है और उसके एक से कम होने पर महामारी के खत्म होने का संकेत माना जायेगा। वहीं आईआईटी मद्रास के प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार, अगले पखवाड़े में महामारी की तीसरी लहर अपने पीक पर पहुंच सकती है। वहीं इसी बीच केंद्र सरकार ने कोविशील्ड और कोवैक्सीन को कुछ शर्तों के साथ बाजार में बेचने की अनुमति दे दी है। ये टीके अस्पताल व क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे और 18 वर्ष या उससे अधिक का व्यक्ति कोविन पोर्टल पर जानकारी देकर व पंजीयन करवाकर टीके खरीद सकता है। इसके बावजूद जब देश में संक्रमितों का आंकड़ा प्रतिदिन ढाई लाख से अधिक है और चार सौ जिलों में संक्रमण की दर दस फीसदी से अधिक है तो हर स्तर पर सावधानी जरूरी है। यही वजह है कि केंद्र ने कोरोना प्रतिबंधों को 28 फरवरी तक बढ़ाया है। (आरएनएस)



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के वर्चुअल रैली में प्रतिभाग करने के लिए देहरादून आगमन पर जॉलीग्रांट हवाई अड्डे पर उनकी अगवानी करते नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह।

## महिला की मौत पर परिजनों का हंगामा, मुकदमा दर्ज

देहरादून (संवाददाता)। महिला की मौत पर परिजनों न अस्पताल में पहुंच चिकित्सकों के साथ मारपीट गाली गलौच करने के मामले में पुलिस ने मृतका के बेटे सहित एक दर्जन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जीएमएस रोड निवासी धीरज वर्मा की मां का ईलाज मालसी स्थित एक नीजि चिकित्सालय में चल रहा था। आरोप है कि ईलाज के दौरान धीरज की मां के कोई अन्दर की नस कट गयी जिससे उनकी मौत हो गयी। मां की मौत से आक्रोशित धीरज ने अपने दस पन्द्रह लोगों के साथ अस्पताल पहुंचकर वहां पर जमकर हंगामा करते हुए चिकित्सकों के साथ मारपीट, गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। अस्पताल में हंगामे की सूचना मिलते ही राजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने लोगों को शांत कराया। पुलिस को देख हंगामा कर रहे लोग वहां से चले गये। जिसके बाद पुलिस ने अस्पताल की डाक्टर प्रियंका उनियाल की तहरीर पर धीरज वर्मा सहित 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## एसपी देहात ने किया संवेदनशील पोलिंग बूथों का निरीक्षण

देहरादून (संवाददाता)। एसपी देहात ने रायवाला के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये। आज यहां एसपी देहात ने क्षेत्राधिकारी डोईवाला व थाना प्रभारी रानीपोखरी के साथ मिलकर थाना क्षेत्रान्तर्गत संवेदनशील व अतिसंवेदनशील पोलिंग बूथों का भ्रमण कर मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया। भ्रमण के दौरान थाना क्षेत्र के अंतर्गत पडने वाले सभी पोलिंग बूथों की व्यवस्था का जायजा लिया गया। सभी पोलिंग बूथों में बिजली, पानी स्लैब की उचित व्यवस्था का प्रबंध करने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को सूचित किया गया तथा संबंधित बीएलओ एवं क्षेत्रवासियों से भी वार्ता कर समय-समय पर सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु बताया गया। समस्त क्षेत्रवासियों को निर्भीक हो`कर बिना किसी भय व दबाव के अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

## गर्भवती महिला को रक्त दान कर पुलिस ने निभाया मानवता का फर्ज



देहरादून (हमारे संवाददाता)। गर्भवती महिला को रक्त दान करते हुए पौड़ी जनपद के एक पुलिस कर्मी द्वारा मानवता का फर्ज निभाया गया है। जिसकी आमजन द्वारा सराहना की गयी है। जानकारी के अनुसार आज सुबह पुलिस लाईन पौड़ी पर सूचना मिली कि एक गर्भवती महिला गोदाम्बरी देवी पत्नी मुकेश पोखरियाल निवासी ग्राम बुंगा, विकास खण्ड पावौ, जो जिला चिकित्सालय पौड़ी में भर्ती है को तत्काल 'ए पॉजिटिव' रक्त की आवश्यकता है। सूचना पर पुलिस लाईन पौड़ी में तैनात आरक्षी सूरज वर्धन द्वारा जिला चिकित्सालय पौड़ी पहुंच कर गर्भवती गोदाम्बरी देवी को एक यूनिट रक्त दिया गया। जिस पर गोदाम्बरी के परिजनों व आमजन द्वारा उत्तराखण्ड पुलिस का आभार व्यक्त कर धन्यवाद किया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी अग्रवाल ने किया डोर टू डोर जनसम्पर्क

संवाददाता

देहरादून। ऋषिकेश विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी प्रेम चंद अग्रवाल ने चुनाव की तिथि नजदीक आते ही ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर दिया है। आज उन्होने ऋषिकेश विधानसभा के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



इस दौरान अग्रवाल ने रायवाला, ठाकुरपुर, सर्वहारा नगर, कृष्णा नगर कॉलोनी आदि क्षेत्रों में लोगों से डोर टू डोर मुलाकात की। जनसंपर्क के दौरान अग्रवाल ने स्थानीय जनमानस से आह्वान करते हुए कहा कि विधायक के रुप में उनके द्वारा विगत 5 वर्षों में ऋषिकेश विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में विकास के अनेक कार्य किये गये हैं और वह इन्हीं विकास के कार्यों के आधार पर जनता से वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आंतरिक मोटर मार्गो का जाल बिछाया गया है जबकि जगह-जगह स्ट्रीट लाइटो से संपूर्ण क्षेत्र जगमग है, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिन क्षेत्रों में पेयजल की समस्या थी वहां पर पर्याप्त जलापूर्ति हो रही है।

कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय का कैंपस स्थापित कर छात्र छात्राओं को विभिन्न पाठ्यक्रम लेने में आसानी हो रही है। इसके साथ ही गंगा की स्वच्छता, लॉकडाउन के दौरान लोगों के समस्या के समाधान के लिए कार्य किए गए है। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में पार्षद विकास तेवतिया, जयकुमार, रामकृपाल, मनदीप सिंह, सत्या देवी, आशा गुप्ता, बलविंदर कौर, गणेश रावत रामचंद्र बलोदी आदि लोग मौजूद रहे।

# श्रद्धा पूर्वक मनाया गया बीबी भानी जी का जन्मोत्सव




संवाददाता

देहरादून। बीबी भानी का जन्मोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया गया। आज यहां बीबी भानी दल स्त्री सतसंग सभा, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तत्वावधान में बीबी भानी जी का जन्म दिवस श्रद्धा पूर्वक कथा - कीर्तन के रूप में मनाया गया। प्रात: नितनेम के पश्चात भाई चरणजीत सिंह ने आसा दी वार का शब्द 'जन्म मरण दुहुँ मेह नाही जन पर उपकारी आये' का गायन किया स भाई विजयपाल सिंह के परिवार द्वारा रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डालने के बाद श्री सुखमनी साहिब का पाठ संगत ने मिल कर किया।

भाई सतवंत सिंह जी ने शब्द 'सब गोविन्द है, सब गोविन्द है, गोविन्द बिन नहीं कोइ' गायन कर संगत को निहाल किया। हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह जी ने बीबी भानी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीबी भानी जी ने अपने पिता जी की सेवा भावना से प्रेरित हो कर सेवा - सत, संतोख, ईमानदारी आदि के गुणों को अपने जीवन में धारण किया एवं श्रद्धा भावना के साथ गुरु पिता की सेवा की तथा संगत को सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीबी भानी दल की प्रधान जीत कौर, नरेंदर कौर, सतिंदर कौर, बलजीत कौर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगमिंदर सिंह छाबड़ा, महासचिव गुलजार सिंह, उपाध्यक्ष चरणजीत सिंह, कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह, सचिव अमरजीत सिंह छाबड़ा, सतनाम सिंह, सेवा सिंह मठारु, एस साहनी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर छका। कार्यक्रम में कोविड -१९ की सरकारी गाइड लाइन्स का पूर्ण रूप से पालन किया गया।

# सपनों का प्रदेश कैसा हो इसका एजेंडा प्रदेश की जनता तय करेगी: कोठियाल

संवाददाता

देहरादून। आप प्रत्याशी कर्नल कोठियाल ने कहा कि सपनों का प्रदेश कैसा हो इसका एजेंडा प्रदेश की जनता तय करेगी।



आम आदमी पार्टी के सीएम प्रत्याशी कर्नल अजय कोठियाल ने ९ नवंबर २०२१ को उत्तराखंड नवनिर्माण के लिए एक अनूठी पहल शुरू की थी जिसमें उन्होंने - मेरे सपनों का उत्तराखंड अभियान शुरू किया था। इस अभियान के तहत जनता से आप ने उत्तराखंड के लिए उनके सपने मांगे थे। इस अभियान के तहत अब तक पूरे उत्तराखंड से हजारों लोगों ने उत्तराखंड नवनिर्माण के लिए अपने हजारों सुझाव उत्तराखंड की जनता ने भेजें हैं ताकि उत्तराखंड नवनिर्माण का सपना पूरा हो सके।

इस अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गांव गांव मे जाकर लोगो से उत्तराखंड नवनिर्माण के लिए उनके सपने मांगे। ३१ जनवरी तक आप के पास पूरे उत्तराखंड से ७१२४९ सुझाव पहुंचे जिनको आप जल्द ही अपने मेनिफेस्टो में शामिल कर अपना मेनिफेस्टो जारी करेगी। उन्होंने बताया अभी भी आप के नवपरिवर्तन प्रमुख गांव-गांव जाकर लोगों से उत्तराखंड नवनिर्माण के लिए उनके सपनों को ले रहे हैं । कर्नल कोठियाल ने बताया कि जल्द ही आप अपना मेनिफेस्टो जारी कर इन सुझावों को शामिल कर रहे हैं जो पूरे प्रदेश से जनता ने अपने सपनों के तौर पर हमे भेजे हैं । उन्होंने बताया ये घोषणाएं नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी की गारंटी होगी जो आप की सरकार बनते ही पहले साल के एजेंडे में रखा जाएगा। आप बहुत जल्द अपना मेनिफेस्टो नहीं गारंटी पत्र जारी करेगी।




## एक नजर

# 57 देशों में मिला ओमिक्रोन का सब वेरिएंट बीए 2, ओमिक्रोन से ज्यादा संक्रामक है

जेनेवा । ओमिक्रोन वेरिएंट का नया सब वेरिएंट भी सामने आया है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन का कहना है कि ओमिक्रोन का नया सब वेरिएंट बीए २ स्टेल्थ ओमिक्रोन कहीं ज्यादा संक्रामक है। अभी तक ५७ देशों में बीए–२ स्टेल्थ ओमिक्रोन नया स्ट्रेन पाया गया है। ओमिक्रोन सबसे पहले करीब दक्षिण अफ्रीका में पाया गया था। कोरोना को लेकर जारी किए गए अपने




वीकली अपडेट में वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कहा है कि पिछले महीने लिए गए कोरोना के ६३ प्रतिशत नमूनों में ओमिक्रोन कोरोना वायरस के कई सब वेरिएंट बीए.१, बीए.१.१,बीए.२ और बीए .३ पाए गए हैं। बीए. २ से जुड़े मामलों में भी काफी तेजी से वृद्धि हुई है, जो कई म्यूटेशन के साथ तेजी से फैल रहा है। नए वेरिएंट बीए.२ में कई अलग–अलग म्यूटेशन पाए गए हैं। इसमें स्पाइक प्रोटीन भी शामिल है। जिससे ये वेरिएंट और भी ज्यादा संक्रामक बनता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कहा है कि बीए.२ के मामले अभी तक ५७ देशों में सामने आए हैं। यूएन हेल्थ एजेंसी का कहना है कि अभी ओमिक्रोन के सब वेरिएंट के बारे में रिसर्च की जा रही है। जिसके बाद इसके लक्षण और फैलने की स्पीड के बारे में पूरा पता चल पाएगा।

# साइकिल चलाकर संसद तक पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया

नई दिल्ली । दिल्ली में प्रदूषण हमेशा से ही एक बड़ी समस्या रही है। जिसका एक बड़ा कारण यहां रोजाना चलने वाले लाखों वाहन होते हैं। लेकिन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने इस बीच लोगों को एक खास मैसेज देने का काम किया है। स्वास्थ्य मंत्री को संसद के बजट सत्र के लिए पहुंचना था, लेकिन इसके लिए उन्होंने कार का इस्तेमाल नहीं किया। बल्कि साइकिल चलाकर ही वो संसद पहुंच गए। संसद परिसर में स्वास्थ्य मंत्री को साइकिल चलाते हुए देखा गया। वो अपनी इसी साइकिल से अपने घर से



संसद तक पहुंचे। हालांकि ये पहली बार नहीं है जब कोई केंद्रीय मंत्री या सांसद साइकिल चलाकर संसद पहुंचे हों। इससे पहले भी कई नेता ऐसा कर चुके हैं। बता दें कि स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कोरोना को लेकर लगातार बैठकें कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में कोरोना पर ८ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कोरोना वायरस के मामलों और उससे बचाव को लेकर चर्चा हुई।

# ब्रह्मोस और यूरेन एंटी-शिप मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण

नई दिल्ली । ब्रह्मोस और यूरेन एंटी शिप मिसाइल को अंडमान निकोबार से लॉन्च किया गया है। अंडमान निकोबार कमांड ने इस बाबत ट्वीट करके जानकारी दी है। ट्वीट में लॉन्च का वीडियो शेयर करते हुए कहा गया है एएनसी नेवल कंपोनेंट द्वारा ब्रह्मोस और यूरेन एंटी–शिप मिसाइलों का सफल प्रक्षेपण किया गया जोकि हमारे द्वीपों की रक्षा के लिए हमारी क्षमताओं को दर्शाता है। हाल ही में फिलीपींस ने भारतीय ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड से एक अनुबंध किया था। इसके मुताबिक, फिलीपींस ने भारतीय ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के करीब ३७५ मिलियन (२ हजार ७८०



करोड़ रुपए) के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। इसके तहत भारत फिलीपींस नेवी को तट आधारित एंटी–शिप मिसाइल सिस्टम की आपूर्ति करेगा। भारत–रूस द्वारा संयुक्त रूप से बनाई गई ब्रह्मोस मिसाइल पर भरोसा दिखाते हुए फिलीपींस के राष्ट्रीय रक्षा विभाग ने इसकी जानकारी दी थी। बता दें कि तीन दिन पहले इंडियन नेवी और डीआरडीओ ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का आईएनएस विशाखापत्तनम से सफल परीक्षण किया था। भारतीय नौसेना के मुताबिक इस मिसाइल का परीक्षण पश्चिमी तट के पास समुद्र में किया गया।

## कांग्रेस ने प्रतिज्ञा पत्र में लगाई वायदों की झड़ी

# महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 40 फीसदी आरक्षण

संवाददाता

देहरादून। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए कांग्रेस ने आज अपना घोषणा पत्र जिसे 'उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र' का नाम दिया गया है, जारी कर दिया गया है। कांग्रेस ने अपने इस घोषणापत्र में लोकलुभावन घोषणाओं की झड़ी लगा दी गई है। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने आज यहां कैनाल रोड स्थित एक फार्म हाउस में आयोजित भव्य कार्यक्रम में कांग्रेस का घोषणा पत्र इस वायदे के साथ जारी किया गया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर वह इसे प्रण-प्राण के साथ पूरा करेगी।

कांग्रेस के इस घोषणापत्र में उसका फोकस महिलाओं और युवा बेरोजगारों पर अधिक केंद्रित रहा है। महिलाओं को पुलिस में 40 फीसदी आरक्षण देने के साथ-साथ सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा और राज्य में रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें 500 रूपये से कम रखने का वायदा किया गया है। वहीं राज्य के युवाओं को चार लाख नौकरियां देने और गरीब का जीवन जी रहे 5 लाख परिवारों को हर साल 40 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का वायदा कांग्रेस ने किया है। यही नहीं कांग्रेस ने चारधाम और चार कामों में हर गांव और घर तक स्वास्थ्य सुविधाएं

**●चार धाम, हजार काम का किया वायदा**
**●रसोई गैस सिलेंडर नहीं जाएगा 500 के पार**
**●चार लाख युवाओं को रोजगार देने की गारंटी**
**●गरीब परिवारों को हर साल 40 हजार की मदद**
**●गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का वायदा**

पहुंचाने का वायदा भी प्रदेश के लोगों से किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर पहले साल 100 यूनिट और दूसरे साल 200 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कांग्रेस का चुनावी घोषणा पत्र नहीं है कांग्रेस का यह प्रतिज्ञापत्र है जिसमें किए गए हर वायदे का कांग्रेस अपने प्राण और प्रण के साथ पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकारों ने राज्य में विकास की एक मजबूत नींव रखी थी लेकिन भाजपा सरकार जिसके मुख्यमंत्री खनन प्रिय मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते हैं, सब चौपट कर दिया उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में कुछ भी नहीं बदला है अगर कुछ बदला है तो सिर्फ मुख्यमंत्री के चेहरे बदले गए हैं। उन्होंने कहा कि भू कानून में परिवर्तन के जरिए भाजपा ने प्रदेश की मिट्टी भी बेचने की कोशिश शुरू कर दी थी उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो हम एक सशक्त भू-कानून लेकर आयेगी। उन्होंने कहा कि हमने अपने कार्यकाल में 32 हजार नौकरियां दी थी जबकि भाजपा ने एक भी नौकरी नहीं दी। उन्होंने कहा कि हम खाली पदों को भी भरेंगे व नए पद भी सृजित करेंगे। उन्होंने दूसरी लहर में सबसे अधिक मौतें राज्य में होने को दुखद बताया उन्होंने कहा कि कि हमने जीएसटी, नोटबंदी व कोरोना में उजड़े परिवारों की मदद का संकल्प लिया है जिसे पूरा किया जाएगा।

## गुण्डा अधिनियम के तहत तीन बदमाशों को किया जिला बदर




हमारे संवाददाता

चमोली। विधानसभा चुनावों को सकुशल एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तीन बदमाशों के खिलाफ गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हे जिलाबदर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार आने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर थाना गैरसैंण व कोतवाली कर्णप्रयाग पुलिस द्वारा आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तीन बदमाशों के खिलाफ गुण्डा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए उन्हे जिला बदर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इन सभी बदमाशों को जनपद के बॉर्डर पर छोड़ा गया तथा हिदायत दी गयी कि 6 माह से पूर्व यदि वह जिले की सीमा में कहीं भी अपनी उपस्थिति दर्शायेंगे तो उनके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्यवाही की जायेगी। जिलाबदर किये गये बदमाशों में राजेन्द्र उर्फ राजू पुत्र पदम सिंह, निवासी ग्राम खेती गैरसैंण, दर्शन सिंह पुत्र स्व. जीत सिंह, निवासी ग्राम भनोट ग्वाड गैरसैंण व राजेश गुसाँई पुत्र ललित प्रसाद, निवासी ग्राम डिडोली कर्णप्रयाग शामिल है।

## ग्राहक बन लिया यूजर कोड, खाते से निकाल लिये दो लाख

संवाददाता

देहरादून। फोन कर बिल्डिग मेटियरल को खरीदने के बहाने यूजर कोर्ड लेकर खाते से दो लाख 38 हजार रूपये उडाये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी राजा रोड निवासी नवीन गुप्ता की पुत्री देविका गुप्ता ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पास एक फोन काल आयी तथा फोनकर्ता ने उससे कहा कि उसको बिल्डिंग मेटियल को खरीदना है। जिसके बाद सभी बातें तय होने पर फोनकर्ता ने उससे कहा कि वह पैसा पेटीएम या फिर गूगल के माध्यम से भेज देगा जिसके लिए उसको यूजर कोर्ड चाहिए होगा। उसने उक्त फोनकर्ता को अपना यूजर कोड स्कैन करके भेज दिया। जिसके कुछ देर बाद उसको पता चला कि उसके




खाते से 2 लाख 38 हजार 133 रूपये निकल गये है। उसके बाद उसको पता चला कि उक्त फोनकर्ता ने उसके साथ धोखाधडी की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला के गले से मंगलसूत्र लूटा

संवाददाता

देहरादून। गुरूद्वारे से मत्थङ्ग टेक कर आ रही महिला के गले से राह चलते युवकों ने मंगलसूत्र लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शास्त्रीनगर नेहरू ग्राम निवासी डा0 सुनील कुमार ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ नुनावाला गुरूद्वारे मत्था टेकने गये थे। जब वह वहां से वापस आ रहे थे तभी दो युवक वहां पर आये वह कुछ समझते उन्होंने उसकी पत्नी के गले पर झपटा मारकर उसके गले से मंगलसूत्र लूट लिया और वहां से भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सरकार ने 5 साल में कुछ..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

हजार करोड़ के दो विमान खरीदना होता है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल, डीजल व खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमत से आम आदमी और किसान, मजदूर सब परेशान है लेकिन सरकार के बजट में हीरा सस्ता और दवाई महंगी कर दी जाती है। उन्होंने जनता से कहा कि अब आपको अपनी आंखें खोलने की जरूरत है।

**आर.एन.आई.- 59626/94**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*